माँ तेरी प्यार से ज्योत जलाई

पूजा की थाली सजाई माँ,
तेरी प्यार से ज्योत जलाई माँ......

ओ मैया तेरा जगराता है,
बना माँ बेटे का नाता है,
मन मंदिर में तू बसाई माँ,
तेरी प्यार से ज्योत जलाई माँ....

ये अवसर निकल ना जाए माँ,
कही रात ये ढल ना जाए माँ,
तेरी राह में पलके बिछाई माँ,
तेरी प्यार से ज्योत जलाई माँ....

तेरे बछड़े तुझे बुलाय रहे,
गलियों में फुल बिछाये रहे,
तू अब तक क्यों ना आयी माँ,
तेरी प्यार से ज्योत जलाई माँ....

दे दर्शन आज दीवानों को,
कर पुरे माँ अरमानो को,
इंतजार बड़ा दुखदायी माँ,
तेरी प्यार से ज्योत जलाई माँ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29051/title/maa-teri-pyar-se-jyot-jalayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |